## एक नजर में



### खेल महोत्सव कार्यक्रम में मेधावी छात्रा को प्रदान की स्कूटी

**रेहटी/सलकनपुर.** सांसद खेल महोत्सव विदिशा संसदीय क्षेत्र आयोजित किया जा रहा है. जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है. खेल महोत्सव में विभिन्न खेलों के साथ-साथ स्थानीय और पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है. नयागांव, बरखेड़ा, सवालखेड़ा, मद्वागांव में ग्राम पंचायत स्तर पर स्कूलों में खेल महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ. जहां खेल और संस्कृति का अद्भुत समावेश देखा गया. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सिंह चंद्रवंशी और वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मद्वागांव स्कूल की मेधावी छात्रा पलक मेहरा को स्कूटी प्रदान की गई. इस अवसर भाजपा नेता रामगोपाल टेलर, मनोहरलाल महेश्वरी, अनारसिंह चौहान, नपध्यक्ष राजेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, रामसजीवन यादव, प्रेमनारायण मीणा, जितेंद्र भाटी, रिखीराम यादव, लक्ष्मीनारायण लोवंशी, अजय लोवंशी, पुरुषोत्तम यादव, सरपंच राकेश यादव, भागीरथ मंडलोई, दीपक लोधा, सुभाष पाल, पिंटू मंगतानी, प्रेम सिंह यादव, विनोद नागर, साजिद अहमद, जतिन सोनी, भागवत कुशवाह, पाल दादा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.




### सेवा निवृत्ति पर किया शिक्षकों का सम्मान, दी विदाई

**डोबी.** समीपस्थ ग्राम हथनौरा के शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ शेरसिंह चौहान एवं शासकीय हाई स्कूल जेत से मनोहर लाल चौहान सेवानिवृत हुए. इनका विदाई समारोह शासकीय स्तर माध्यमिक विद्यालय सरदार नगर में आयोजित किया गया है. दोनों की सेवानिवृत्ति पर शाला परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य सचिन भार्गव, महेंद्र व्यास, संदीप जोशी, लखन राठौर, हरिराम शर्मा, राजेश कुमार, मधुप, शंकरलाल मीणा, दिनेश शर्मा, बीडी मरकाम, देवराज जाट, पूजा कुशवाहा, प्रीती जोशी, राकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्टाफ स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे.



### अन्नकूट महोत्सवों में पत्नी संग शामिल हुए विधायक राय

**सीहोर.** परंपरा अनुसार शहर के अनेक मंदिरों और आश्रमों में अन्नकूट महोत्सवों का आयोजन किया गया. सभी अन्नकूट महोत्सवों में विधायक सुदेश राय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अरुणा राय के साथ शामिल हुए. उन्होंने ब्राह्मण आचार्य के सानिध्य में भगवान की पूजा अर्चना की और नागरिकों की सुख समृद्धि शांति वैभव उन्नति की प्रार्थना भगवान से की. बग्गी खाना स्थित श्रीराम जानकी मंदिर और साहू समाज द्वारा जगदीश मंदिर परिसर में आयोजित अन्नकूट महोत्सव में शामिल होकर विधायक सुदेश राय एवं समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय ने सेवा कार्य किया और श्रद्धालु महिला पुरुषों बच्चों के साथ अन्नकूट महोत्सव को मानते हुए प्रसादी का ग्रहण किया.




### विद्यालय परिसर ही नहीं घर को भी बनाएं तंबाकू मुक्त

**भैरुंदा.** अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू दिवस पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्था पर कार्यशाला आयोजित की गई. जिसमें तंबाकू के दुष्परिणाम के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया. छात्र-छात्राओं को बताया कि हमारे विद्यालय परिसर को तो हमें तंबाकू मुक्त रखना ही है बल्कि हमारे घर को भी तंबाकू मुक्त बनाना है. अगर घर में कोई तंबाकू का सेवन करते हैं. तो हमारा कर्तव्य बनता है कि उन्हें तंबाकू से होने बाले दुष्परिणाम को बताएं और उन्हें तंबाकू के सेवन से दूर रखने का प्रयास करें.



### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से शुरू हुआ खेल महोत्सव

**इछावर.** केंद्र एवं राज्य शासन के द्वारा चलाए जा रहे महाअभियान के तहत शनिवार ग्राम पंचायत फांगिया में सासंद खेल महोत्सव के आयोजन के अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया गया. साथ ही वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. आयोजन के दौरान कबड्डी, नींबूदौड़, रस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस इवसर पर राजेंद्र विश्वकर्मा, बाबूलाल मालवीय, प्यारेलाल, सुरेश, भारत लाल, अन्नपूर्णा सहित कर्मचारियों में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

# आंखों के सामने खाक हुई वर्षों की मेहनत

## शहर के मुख्य बाजार में देर रात भीषण अग्निकांड से तीन दुकानों का सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया



**सीहोर.** देर रात को शहर के मुख्य बाजार में रुई की दुकान में लगी भीषण आग में अन्य दुकाने जलकर हुई स्वाहा.

▶ दुकानदार बोले बर्बादी की कारण बनी डीपी

▶ आक्रोशित लोगों ने विद्युत विभाग को ठहराया जिम्मेदार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 08 नवंबर. शहर के गांधी रोड़-चंद्रशेखर आजाद मार्ग पर बीती देर रात करीब तीन बजे अचानक आग की लपटें उठीं. आसपास के लोग जब गहरी नींद में थे, तभी धुएं के गुबार और चटकती आवाजों ने सबको जगा दिया. राहगीर ने जब दुकान से उठता धुआं देखा तो उसने शोर मचाया. देखते ही देखते पूरा क्षेत्र दहशत से भर गया.**

आगजनी की घटना को देख लोग अपने घरों से बाल्टी और बर्तन लेकर बाहर दौड़े और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी. लेकिन आग इतनी तेज थी कि दुकान की लोहे की शटरें तक लाल हो गई और धुआं आसमान तक छा गया. यह देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए. उन्होंने तुरंत आसपास की दुकानों की बिजली सप्लाई काट दी ताकि आग फैलने से रोकी जा सके. साथ ही फायर ब्रिगेड को खबर दी गई. फायर टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया. अगर कुछ मिनटों की भी देरी होती, तो यह आग पूरे बाजार को अपनी चपेट में ले लेती. आगजनी में तीन दुकानें जलना बताया जा रहा है. लोगों की सूझबूझ और हिम्मत ने आज शहर के मुख्य बाजार को जलने से बचा लिया.

कपड़ों की दुकान के मालिक नूर मंसूरी और मो. सलमान ने कहा कि यह हादसा पास में लगी बिजली विभाग की डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट डीपी से हुआ है. उनका कहना था कि जब यह डीपी लगाई जा रही थी, तब ही उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि इतनी भीड़भाड़ और कपड़ों की दुकानों वाले क्षेत्र में इसे न लगाया जाए. लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी. नूर मंसूरी ने कहा कि हमने बार-बार चेताया, पर किसी ने ध्यान नहीं दिया. आज हमारी वर्षों की मेहनत जलकर राख हो गई.

आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखे सभी कपड़े, रैक, काउंटर, मशीनें और रिकॉर्ड बुक तक सब जलकर खाक हो गए. शुरुआती अनुमान के अनुसार, करीब 10 से 12 लाख रुपए का नुकसान हुआ है. जो दुकान कभी इस बाजार की पहचान थी, आज वहां सिर्फ राख और जले कपड़ों की बदबू बची है. सुबह जब सूरज निकला तो लोग वहां खड़े होकर उस दुकान को देख रहे थे, जिसमें कभी रंग-बिरंगे कपड़े और ग्राहकों की चहल-पहल हुआ करती थी. अब सिर्फ राख और टूटे सपनों का ढेर है.

### प्रशासन और बिजली विभाग ने शुरू की जांच

घटना की जानकारी मिलते ही नगर परिषद, पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे. उन्होंने आग लगने के संभावित कारणों की जांच शुरू कर दी है. फायर ब्रिगेड ने प्रारंभिक रिपोर्ट में डीपी से शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई है. अधिकारियों ने कहा कि यदि आग का कारण डीपी पाई गई, तो जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन ने नुकसान का आंकलन करने और पीड़ितों की सहायता के लिए टीम गठित की है.

### बाजार में पसरा सन्नाटा, लोगों में आक्रोश

शनिवार सुबह जब लोग बाजार पहुंचे, तो चारों ओर राख और जलन की गंध फैली हुई थी. कई दुकानदारों की आंखें नम थीं. स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर फायर ब्रिगेड थोड़ी देर और करती, तो पूरा बाजार जल जाता. दुकानदारों ने बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई. लोगों का कहना है कि हमने पहले ही विद्युत विभाग को कहा था कि यह डीपी खतरा है, पर हमारी बात किसी ने नहीं सुनी.

## फर्जी बैंक एजेंट को सात साल की जेल

**सीहोर.** बिलकिसगंज में एक फर्जी बैंक एजेंट द्वारा लोगों के साथ धाखधड़ी करने के मामले में आरोपी को सात साल की सजा सुनाई गई. आरोपी अनिल प्रजापति आ. सरदार सिंह निवासी बिलकिसगंज खुद को ग्रामीण बैंक का प्रतिनिधि बताता था. वह ग्राहकों से नकद राशि लेकर एक साधारण डायरी में जमा का रिकॉर्ड दिखाता था. लेकिन आरोपी ने किसी का भी बैंक खाता नहीं खोला और न ही जमा राशि बैंक में डाली. लगभग एक वर्ष तक आरोपी ने कई गांवों से करीब 28 लाख रुपए इकट्ठे कर लिए. धीरे-धीरे जब लोगों ने बैंक जाकर जानकारी ली. तो बैंक ने इंकार कर दिया कि उसके यहां किसी अनिल प्रजापति नामक एजेंट की कोई नहीं हुई. फरियादी कुमार सत्यम ने शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी ने लोगों से ठगी कर बैंक में जमा नहीं किया और पैसे हड़प लिए. आरोपी के खिलाफ धारा 409 और 406 भादवि में अपराध पंजीबद्ध किया गया. पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया. द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने आरोपी अनिल प्रजापति को 7 वर्ष का कारावास और 8 लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई. शासन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक रेखा चौरसिया ने मजबूत पैरवी की.

## आज शिविर में होगी किसानों की नि :शुल्क जांच

▶ गगन जन सेवा समिति का परीक्षण शिविर आज

▶ 50 से अधिक डॉक्टर देंगे अपनी सेवाएं

नवभारत न्यूज

**सीहोर 08 नवंबर.** जिले के इतिहास में पहली बार गगन जन सेवा समिति के तत्वाधान में अन्नदाता किसानों एवं आमजनों के लिए निशुल्क मेगा स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस मौके पर 50 से अधिक सीहोर-भोपाल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएगी और वरिष्ठ डॉक्टर्स कैंप में परामर्श देने के लिए उपलब्ध रहेंगे. भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं रेडक्रास सोसाइटी द्वारा निशुल्क दवाईयां वितरण की जाएगी.

गगन जन सेवा समिति के डॉ. गगन नामदेव ने बताया कि रविवार को शहर के मोदी मांगलिक भवन बिजली घर चौराहा पर आयोजित गगन जन सेवा समिति के तत्वाधान में अन्नदाता किसानों एवं आमजनों के लिए निशुल्क मेगा स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है. सुबह नौ बजे से यहां पर आने वाले मरीजों का ग्यारह बजे तक निशुल्क पंजीयन किया जाएगा. इसके पश्चात दोपहर एक बजे से पांच बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा. शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, इेको, एक्सरे, सोनोग्राफी, हीमोग्लोबिन, गले की दूरबीन से जांच आदि की जाएगी. समिति द्वारा सभी क्षेत्रवासियों एवं किसानों से निशुल्क शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की गई है.

## ग्रामीण पर सियार ने किया हमला

**सीहोर.** जिले के इछावर तहसील अन्तर्गत ग्राम बाराखंबा में एक ग्रामीण पर सियार ने हमला कर दिया. ग्रामीण को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार इछावर के नजदीक स्थित बाराखंबा गांव निवासी गोपाल ने बताया कि अचानक एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया. उसके अनुसार, वह जानवर एक सियार था. सियार के हमले से वह बुरी तरह घायल हो गया. लेकिन उसने अपनी जान बचाने की कोशिश की. हमले के बाद गोपाल ने मदद के लिए आवाज लगाई. गोपाल की चीख सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए. लोगों ने उसे घायल अवस्था में तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया. अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार जारी है.

## श्मशान की भूमि से हटाया अतिक्रमण

▶ तीन साल से श्माशन की भूमि पर कर रखा था कब्जा

▶ कई बार नोटिस थमाने के बाद भी नहीं माना अतिक्रमणकारी



नवभारत न्यूज

**सीहोर. 08 नवंबर.** जिले के श्यामपुर तहसील में श्मशान की शासकीय भूमि से तीन साल पुराना अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया है. तहसीलदार ने पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया.

खंडवा में श्मशान भूमि पर गांव के एक परिवार ने अतिक्रमण कर रखा था. तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए तीन बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अतिक्रमणकारी ने नहीं सुनी.

शनिवार को तहसीलदार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे. इस दौरान राजस्व विभाग के आरआई, पटवारी, श्यामपुर थाने से पुलिस प्रशासन, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचायत सचिव, सहायक सचिव और अन्य ग्रामीण लोग शामिल थे.

तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए तीन बार नोटिस दिए गए थे. अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वेच्छा से कब्जा नहीं हटाने के कारण पुलिस प्रशासन के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से यह कार्रवाई की गई. लगभग तीन वर्षों से ग्राम पंचायत द्वारा भी नोटिस दिए जा रहे थे. इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया.राजस्व और पुलिस प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा.

## मेडिकलों से खंगाला बिक्री का रिकार्ड

▶ मेडिकलों से लिए दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजे

▶ छह मेडिकल दुकानों पर छापामार कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**बुधनी 09 नवंबर.** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देश पर मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया. यह कार्रवाई दवाओं की बिक्री और दुकानों पर होने वाली अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से की जा रही है. निरीक्षण दल ने बकतरा और बुधनी की दुकानों का दौरा किया.

निरीक्षण के दौरान, जांच दल ने मेडिकल दुकानों में साफ-सफाई, दवाओं के क्रय-विक्रय (खरीदी-बिक्री) रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं के रख-रखाव और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की गहनता से जांच की. इस दौरान दवाओं के नमूने भी लिए गए हैं, जिन्हें आगे की जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है. जिन मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया उनमें सतेंद्र मेडिकल, जीवनरक्षा मेडिकल, लक्ष्मी , बालाजी, आरके मेडिकल व पियूष मेडिकल शामिल हैं.

## अतिक्रमणकारियों की दो मशीनें की जप्त



**आष्टा 08 नवंबर.** बीती रात वन विभाग की टीम ने रात में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वन भूमि पर ट्रैक्टर से अवैध जुताई की जा रही है.

डीएफओ श्रीमती अर्चना पटेल के निर्देश पर एसडीओ एल्विन बर्मन के मार्गदर्शन में रेंजर नवनीत झा के नेतृत्व में बनाई गई टीम लगातार गश्त द्वारा कार्रवाई की गई. धुराड़ा कला बीट नम्बर 105 में आरोपी हरपाल पिता नारायण सिंह सैंधव निवासी उरलीकला ट्रैक्टर में सीड ड्रील मशीन लगाकर बुआई कर वनभूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहा था. वनविभाग की टीम जैसे ही मौके पहुंची, आरोपी ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया. रेंजर नवनीत झा ने बताया कि मौके पर से ट्रैक्टर सीड ड्रील मशीन जप्त किया. आरोपी के विरूद्ध अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. इस कार्यवाही में डिप्टी रेंजर छगनलाल भिलाला, रमेश चन्द्र घेरवाल, कुमेरसिंह चौहान, रंजना भालसे, हूकुमसिंह परमार, राहूल परमार, जितेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र नायक, सावत्री मारकाम, विजय वर्मा, प्रदीप मलोठिया, सीताराम परमार, आदि की भूमिका रही.

## मैराथन में विजेताओं को 50 हजार का इनाम

**सीहोर.** रविवार को रोटरी, इनर व्हील क्लब व रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मैराथन का आयोजन होगा. रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि इस रन में विजेताओं को 50 हजार रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे. इसके अलावा दो लाख से अधिक के गिफ्ट हैफर आदि हैं. सुबह सात बजे एसआर विहार से भोपाल नाके आवासीय मैदान तक दो चरणों में होगी.


**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील रेहटी जिला सीहोर (म.प्र.)**

Email-tehsildarrehti@gmail.com

क्रमांकः- 80/ प्रवा. / 2025

रेहटी, दिनांकः - 7/11/2025

प्रकरण क्र. -0026 / अ-70/2025-26

**// सार्वजनिक इश्तेहार //**

बबीता तनेजा व अन्य.............आवेदिकागण

विरूद्ध

अमरोबाई व अन्य.......................अनावेदक

प्रति,

उपरोक्त विषयातंर्गत विवरण इस प्रकार है कि, अनावेदक श्री धर्मेन्द्र आ. कैलाश आयु वयस्क निवासी ग्राम ओंडिया तहसील रेहटी जिला सीहोर निवासी होकर यह है कि, आवेदिकागण बबीता तनेजा पत्नी धनराज तनेजा व अन्य द्वारा ग्राम ओंडिया तहसील रेहटी जिला सीहोर स्थित भूमि ख0नं0-46 / 1 रकबा - 3.238 हे. भूमि का आपके विरूद्ध कब्जा प्राप्ति के लिए म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 250 का एक आवेदन प्रस्तुत किया है। एतद् द्वारा अपना मामला प्रस्तुत करने, उत्तर देने तथा उन समस्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करने, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं, के लिए नियत दिनांक 18.11.2025 को समय प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकते है। आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप उपर बताये गये दिनांक पर इस न्यायालय में उपस्थित नही होते है, तो मामले की सुनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध मौन सहमति मानकर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी । नियत दिनांक उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी । इश्तेहार आज दिनांक 7 : 11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार तहसील रेहटी**


मनमानी ▶ कालोनाइजरों द्वारा अवैध कालोनियां काटी जा रही हैं, जिनमें अपनी कमाई लगाकर लोग हो रहे परेशान

## सरकारी रास्ते पर कट गई अवैध कॉलोनी, तहसीलदार ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 08 नवंबर.** शहर में नियम विरुद्ध कई अवैध कालोनियां काट दी गई. इन कालोनियों में प्लाट खरीदने वाले लोग बाद में परेशान होते रहते हैं. कहीं बिजली की समस्या रहती है तो वहीं सड़क नहीं होती तो कहीं नगरपालिका और अन्य विभागों से परमिशन नहीं मिल पाती है. अभी हालही में एक और कालोनी शहर में कट रही है, जिसमें सरकारी रास्ते पर भी कब्जा कर लिया गया है. कठोर कार्यवाही के आभाव में इस कालोनी में प्लाट के खरीददार भी परेशान होंगे.

गौरतलब है कि शहर के मुरली क्षेत्र में कालोनाईजरों द्वारा एक कालोनी काटी जा रही है. इस कालोनी में सरकारी सर्वे नंबर 174 में रास्ते की जमीन को कालोनाईजरों ने कब्जा लिया है, सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य भी शुरु कर दिया गया है. यहां पर प्लाट बेचने की प्रक्रिया भी शुरु हो गई है. अब कालोनाईजर तो कालोनी काट कर लाभांश कमा लेंगे लेकिन इस कालोनी में प्लाट खरीदने वाले लोग जब मकान बनाएंगे तो उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा.

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कालोनियां काटी जा रही हैं. सुविधाओं का इन कालोनियों में बहुत प्रचार प्रसार किया जाता है, पर जमीन पर यह सुविधाएं दिखाई नहीं देती हैं. जो लोग इन अवैध कालोनियों में मकान बनाते हैं. उन्हें बिजली कनेक्शन से लेकर अन्य सुविधाओं के लिए बाद में काफी मशक्कत करनी पडती है. इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा समय रहते इन पर ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है. इसके अलावा देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शासकीय भूमि पर लोगों ने कब्जा कर रखा है लेकिन जानकारी के अभाव में कोई न तो शिकात कर पाता है और न ही प्रशासन द्वारा कभी इस और ध्यान दिया जाता है.



### नोटिस जारी करेंगे

शिकायत मिली थी कालोनी का निरीक्षण किया है. गोया की जमीन पर कालोनाईजर ने निर्माण कर दिया है. कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा.

**अमित सिंह**
तहसीलदार सीहोर

### शिकायत मिली थी

मुरली क्षेत्र में कालोनाईजर द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत मिली थी. टीम को जांच के लिए भेजा है. उचित कार्रवाई की जाएगी.

**तन्मय वर्मा**
एसडीएम, सीहोर